प्रो० दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०

(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2026/2684 दिनांकः07 मार्च, 2026

सेवा मे,

निदेशक/प्राचार्य
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2025–26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के चैलेंज मूल्यांकन की तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करना है कि सत्र 2025--26 विषम सेमेस्टर की परीक्षा जो दिनॉक 23/12/2025 से 31/01/2026 एवं 10/02/2026 से 19/02/2026 तक आयोजित की गई परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है।

उक्त परीक्षाओं से सम्बंधित ऐसे छात्र/छात्रा जो अपनी उत्तर–पुस्तिकाओं का चैलेंज मूल्यांकन कराये जाने के इच्छुक हैं, ऐसे छात्र/छात्रा अपने विषयों का चैलेंज मूल्यांकन का फार्म भरने से पूर्व चैलेंज मूल्यांकन के संबंध में उत्तर प्रदेश शासनादेश शासनादेश संख्या 39298/16–1099/17/2020, दिनांक 26/11/2020 के साथ संलग्न श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्र संख्याः ई–7443/03–जी0एस0/2019 (टी0सी0) (छायाप्रति संलग्न) में उल्लिखित/वर्णित गाइड लाईन (मानक निर्देश) के अनुसार आवेदन कर सकते है।

- चैलेंज मूल्यांकन स्टेज–1 हेतु छात्र को उक्त शासनादेश में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका देखने के लिए प्रति विषय रू 300/(तीन सौ) मात्र विश्वविद्यालय में ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से ऑन–लाइन जमा करते हुए दिनांक 21 फरवरी, 2026 से दिनांक 05 मार्च, 2026 तक आवेदन करना निर्देशित था। **उक्त तिथि को पुनः 07 मार्च 2026 से 15 मार्च 2026 तक विस्तारित किया जाता है।**
- चैलेंज मूल्यांकन के हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि के उपरान्त छात्र की डिजिटल मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका छात्र के ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दी जायेगी।
- डिजिटल मूल्यांकित उत्तर–पुस्तिका का अवलोकन करने के उपरान्त यदि छात्र/छात्रा असंतुष्ट होता है तो वह चैलेंज मूल्यांकन **स्टेज–2** में रू0 2500/– ई0आर0पी0 के माध्यम से जमा कर चैलेंज मूल्यांकन करा सकते है **जिसकी सूचना पृथक रूप से दी जायेगी।**

चुनौती मूल्यांकन के प्राप्तांक के संबंध में:–

1. दोनों विषय विशेषज्ञों/परीक्षकों द्वारा प्रदत्त प्राप्तांकों का औसत निकाला जाए।
2. **यह औसत अन्तिम रूप से स्वीकृत होगा और अंकपत्र में देय होगा, चाहे यह मूल प्राप्तांकों से कम हो अथवा अधिक।**
3. यदि औसत और मूल प्राप्तांकों में 20प्रतिशत से अधिक का अन्तर होता है, तब परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गये शुल्क रू0 2500/– में से रू0 1000/– की धनराशि काटकर शेष परीक्षार्थी को वापस कर दी जाए।

अतः उक्त से अवगत होते हुए चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन करने हेतु इच्छुक छात्रों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

Deepak Nagaria
07/03/2026
(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2 संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3 प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार छात्रों का चैलेंज मूल्यांकन का आवेदन तथा निर्धारित शुल्क जमा कराने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4 जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5 स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक